हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

04 खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा...



07 झूठे दस्तावेजों के आधार पर कर लिया अवैध निर्माण...





## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति बैठक कल

**नर्मदापुरम।** जिला जल उपयोगिता समिति, नर्मदापुरम की बैठक 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति की अध्यक्ष, सुश्री सोनिया मीना करेंगी। बैठक के दौरान तवा जलाशय एवं अन्य तालाबों में जल भंडारण की स्थिति, रबी सिंचाई वर्ष 2025-26 हेतु नहरों की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव तथा रबी सिंचाई हेतु नहरों के संचालक के लिए तिथि निर्धारण एवं अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

### बांद्राभान मेला के आयोजन हेतु बैठक आज

**नर्मदापुरम।** बांद्राभान का मेला 3 नवम्बर से 6 नवम्बर तक नर्मदा एवं तवा नदी के संगम स्थल पर आयोजित किया जाएगा। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन ने बताया कि मेला के सफल आयोजन के संबंध में की जाने वाली आवश्यक तैयारियों के संबंध में 16 अक्टूबर 2025 गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### अब नए बस स्टैंड व रेस्ट हाउस चौराहे पर रुकेंगी यात्री बसें, बदलेगा दुकानों का स्थान

# नागरिक व अधिकारियों की हुई बैठक सुनाए निर्णय, ली आपत्ति व दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को एसडीएम प्रियंका भल्लावी की अध्यक्षता में सोहागपुर नगर परिषद के सभाकक्ष में एक बैठक की गई। जिसमें त्योहारों पर दुकानों तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। साथ ही जनहित में कुछ अति आवश्यक निर्णय लिए गए हैं। इस दौरान नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षदगण रवि उइके, आशीष विश्वकर्मा, विजय छाबड़िया, थाना प्रभारी ऊषा मरावी, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, प्रभारी राजस्व निरीक्षक जगदीश नारायण चौरसिया, संजय परसाई, अमित परसाई सहित पटाखा व्यापारी एवं बस स्टैंड एजेंट उपस्थित थे।

शहर में त्योहारी सीजन को देखते हुए नगर प्रशासन और नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कई निर्णय लिए गए।




**पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी**

- लाखों रुपये लागत से बने नवीन बस स्टैंड पर अब यात्री बसें रुकेंगी। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस चौराहे पर भी बसें रोकी जाऐंगीं।
- पुराने बस स्टैंड पर बस स्टॉपेज नहीं होगा। यदि बसें रोकी गई तो बस ऑपरेटर पर जुर्माना लसूली कार्यवाही होगी। निर्णय बावत नप द्वारा पुराने बस स्टैंड पर मुनादी कराई जाएगी।
- दीपावली का पटाखा बाजार उपमंडी परिसर में लगेगा। जिसमें बिजली, पानी, फायर की व्यवस्था नप सोहागपुर करेगी। प्रति दुकान 1200 रूपये राशि वसूली जाएगी।
- पुरानी तहसील के सामने लगाई जाने वाली दिया, लाई, बताशा, डुबलिया, प्रतिमा दुकानें नर्मदापुरम की ओर पलकमती पुल के किनारे से कोर्ट चौराहे तक सड़क के दोनों ओर लगेंगी। नप आवश्यक व्यवस्थाएं करेगी।

### ऑटो स्टैंड तयकर ऑटो अनिवार्य रूप से वहीं खड़े कराए जाएं

बैठक में बस एजेंटों व कुछ नागरिकों ने बस स्टॉप संबंधी निर्णय पर आपत्ति जताई। नागरिकों के अनुसार पुराने बस स्टैंड से कुछ दूर स्थित शासकीय कन्या शाला में ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं पढ़ने आती हैं। ये छात्राएं बसों से आती जाती हैं। अतः यदि बसें पुराने बस स्टैंड पर भी रुकेंगी तो छात्राओं को सुविधा होगी। नागरिकों का कहना है कि नया बस स्टैंड दूर है तथा ठंड में सूर्यास्त जल्दी होने पर शाम को छात्राओं को परेशानी हो सकती है। नागरिकों का कहना है कि नवीन बस स्टैंड पर ऑटो स्टैंड तयकर ऑटो अनिवार्य रूप से वहीं खड़े कराए जाएं।

## अवैध पटाखों और विस्फोटक सामग्री का जखीरा पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा के सख्त निर्देशों पर इटारसी पुलिस ने अवैध पटाखा और विस्फोटक सामग्री के भंडारण एवं विक्रय के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी के घर से 1,03,435 मूल्य की अवैध विस्फोटक सामग्री जब्त की है।

### भीड़भाड़ वाले इलाके में किया था भंडारण

थाना इटारसी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इटारसी के भीड़भाड़ वाले भाट मोहल्ला इलाके में एक व्यक्ति ने अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों और विस्फोटक सामग्री का भंडारण कर रखा है।

प्राप्त सूचना के आधार पर, थाना इटारसी पुलिस स्टाफ और राजस्व विभाग (तहसीलदार) की एक संयुक्त टीम ने तत्काल भाट मोहल्ला इटारसी निवासी अभिषेक पिता शिवदास सिंह राजपूत के घर पर दबिश दी। दबिश के दौरान, टीम ने भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री और पटाखे जब्त किए, जिनकी कुल कीमत 1,03,435 रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी अभिषेक राजपूत के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। यह संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा (भापुसे) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन एवं एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, उपनिरीक्षक प्रवीण यादव, प्रधान आरक्षक उपेंद्र दुबे, आरक्षक महेन्द्र, अंकित, राजकुमार, संदीप और राजेश की सक्रिय भूमिका रही।

## ट्रेन से कटकर 22 वर्षीय युवक की मौत, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

तहसील सिवनी मालवा के अंतर्गत उपनगरी बानापुरा में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां चतरखेड़ा निवासी 22 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। यह घटना सुबह लगभग 4 बजे चतरखेड़ा रेलवे गेट के पास हुई बताई जा रही है।

घटना की जानकारी रेलवे जीआरपी द्वारा सिवनी मालवा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा लाया गया। मृतक की पहचान राजीव ककुडीया पिता दयाराम, उम्र 22 वर्ष, निवासी चतरखेड़ा के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि राजीव मंगलवार तड़के लगभग 3 बजे घर से निकला था। परिजन सुबह तक उसकी तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। बाद में पुलिस से जानकारी मिली कि वह रेल हादसे का शिकार हो गया है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बुधवार को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यकतानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि किसान संघ द्वारा जिन समस्याओं से अवगत कराया गया है, उन पर प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेते हुए जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि समितियों एवं गोदामों के माध्यम से होने वाले वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें।



कलेक्टर ने उपायुक्त सहकारिता को निर्देश दिए कि वे स्वयं निरीक्षण कर खाद भंडारण एवं वितरण की सुव्यवस्थित स्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को ग्राम सेमरी, सांगाखेड़ा एवं ताल केसरी खुर्द का भ्रमण कर जमीनी स्थिति का अवलोकन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही खाद्य वितरण एवं भंडारण की तकनीकी समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## राजस्व व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर ट्राली, 2 लोडर, 1 डंपर और 11 मोटरबोट जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग द्वारा 8 अक्टूबर को ग्राम-जैतवारा बारछी, तह०-बनखेड़ी से 01 ट्रेक्टर ट्राली स्वराज-744 बिना नंबर को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में जप्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया। 12 अक्टूबर 2025 को ग्राम-आंचलखेड़ा, तह०-माखननगर स्थित तवा पुल के पास से 03 ट्रेक्टर ट्राली एवं 02 लोडर को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में तथा ग्राम-बान्द्राभान, तह०-नर्मदापुरम से 01 डम्पर को मिट्टी खनिज के अवैध उत्खनन में जप्त कर पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया। 13 अक्टूबर 2025 को ग्राम-करपा, तह०-बनखेड़ी से 01 ट्रेक्टर ट्राली सोनालिका बिना नंबर को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में जप्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया।



## नर्मदा कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया पौधरोपण अभियान, किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के निर्देशन में एनसीसी नेवल यूनिट 1 एमपी बटालियन नर्मदापुरम के कैडेट्स द्वारा ग्रीनिंग और वेस्टलैंड ऑफ़ इंडिया अभियान के अंतर्गत पौधारोपण का कार्य किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर के अंतर्गत पौधे लगाए गए एवं सफाई की गई।

इस अभियान में यूनिट के सभी कैडेट्स के साथ कैडेट कैप्टन अजय कीर, पी ओअंकित टेकाम, पी ओ हरिओम परते तथा सी टी ओ डॉ. दिवाकर महोबिया ने बताया कि पौधारोपण देश सेवा का सबसे बेहतरीन माध्यम है जो जलवायु परिवर्तन और प्रकृति संरक्षण के लिए हमें प्रेरित करता है। पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना स्वयं के अस्तित्व की सुरक्षा है। समस्त कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और सभी विद्यार्थियों से साफ सफाई रखने का आग्रह किया।




## समारोह: कलेक्टर, एसपी ने दीपावली की दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

बुधवार को कलेक्टर सोनिया मीना की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारबंधु सम्मिलित हुए।

इस दौरान कलेक्टर ने समस्त पत्रकारबंधुओं को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। दीपावली मिलन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारबंधु उपस्थित रहे।

## पर्यटकों को जंगल सफारी के दौरान दिखाई दिए 'वनराज', रोमांचित हुए सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों का एक समूह उस समय खुशी से झूम उठा, जब उन्हें खुले में एक शानदार बाघ के दर्शन हुए। बाघ को देखकर पर्यटक बेहद रोमांचित हो उठे और कई लोगों ने अपने कैमरों में इस अद्भुत दृश्य को कैद किया। बुधवार की सुबह पचमढ़ी क्षेत्र की जंगल सफारी पर निकले पर्यटकों के वाहनों के सामने अचानक एक वयस्क बाघ आ गया। बाघ कुछ देर तक जंगल की पगडंडी के पास ही आराम से चलता रहा, जिससे सफारी का आनंद ले रहे लोगों को उसे करीब से देखने का दुर्लभ मौका मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाघ का शांत और राजसी अंदाज देख सभी पर्यटक रोमांचित हो उठे। गाइड ने सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए पर्यटकों को इस खूबसूरत नजारे को देखने का अवसर दिया।



पचमढ़ी और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघों की उपस्थिति पर्यटकों के लिए हमेशा एक बड़ा आकर्षण रही है। हाल ही में बाघ के लगातार दीदार होने से यहां आने वाले वन्यजीव प्रेमियों की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है। इस तरह की सफल सफारी से पचमढ़ी में पर्यटन को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

वन विभाग के अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सफारी के दौरान वन्यजीवों से उचित दूरी बनाए रखें और वन विभाग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

## वेतन न मिलने से अतिथि शिक्षकों पर मंडाराया आर्थिक संकट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

दीपावली जैसे रोशनी और खुशियों के पर्व के नजदीक आने के बावजूद अतिथि शिक्षकों के चेहरों से मुस्कान गायब है। जुलाई 2025 से अब तक मानदेय का भुगतान न होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। जहां अन्य परिवार दीपावली की तैयारियों में जुटे हैं, वहीं अतिथि शिक्षक चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं कि आखिर इस बार त्योहार कैसे मनाया जाएगा। विकासखंड सिवनी मालवा के अतिथि शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी व्यथा व्यक्त की और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि वे जिम्मेदारी के साथ विद्यालयों में शिक्षा कार्य कर रहे हैं, लेकिन जुलाई से मानदेय न मिलने से परिवार चलाना कठिन हो गया है। अतिथि शिक्षकों ने बताया कि किराया, बच्चों की फीस, दवाइयां और रोज़मर्रा के खर्च पूरे करना असंभव हो गया है।

### द चैम्प्स फन स्कूल में मनाया गया विश्व विद्यार्थी दिवस

## हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने शब्द उकेरे डॉ अब्दुल कलाम, विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगर के ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फ़न स्कूल में बुधवार को वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है डॉ. कलाम चाहते थे कि उनका जन्मदिन स्टूडेंट्स डे के रूप में मनाया जाए, उस भावना के साथ विद्यालय में आज से इस दिन को स्टूडेंट्स डे के रूप में मनाने की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्वेता चौबे, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सदस्य उपस्थित रहीं। उनके साथ रुचि अग्निहोत्री, नेशनल आर्टिस्ट (मधुबनी पेंटिंग) तथा डॉ. मनदीप गुरवानी ( होम्योपैथिक प्रैक्टिशनर) उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर जूही चटर्जी, प्रिंसिपल डॉ. आशीष चटर्जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों के स्वागत के उपरांत बच्चों को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई, जिससे बच्चों ने कलाम के संघर्ष, मेहनत और सपनों को साकार करने की प्रेरणा प्राप्त की। विद्यालय में हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्री-प्राइमरी और प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिए गए। प्रिंसिपल डॉ. आशीष चटर्जी ने बच्चों को स्टूडेंट्स डे की शुभकामनाएँ देते हुए विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को सुंदर लिखने एवं नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने दीवाली के अवसर पर चल रही "लोकल फ़ॉर वोकल" थीम के बारे में भी जानकारी दी और सभी को शुभकामनाएँ दीं। सभी अतिथियों ने अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि उन्हें इस विद्यालय के कार्यक्रमों में शामिल होकर अत्यंत प्रसन्नता होती है।




## जनवरी में जनता को मिलेंगे दो नए आधुनिक पार्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नपा द्वारा अमृत 2.0 ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट योजना के तहत वार्ड 33 व्यंकटेश नगर और वार्ड 2 में दो आधुनिक पार्कों का निर्माण कराया जा रहा है। इन दोनों पार्कों पर कुल 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दोनों ही पार्कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर समीक्षा की। इस दौरान एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री एवं योजना प्रभारी मयंक अरोरा उपस्थित रहे। अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि जनवरी 26 तक दोनों ही पार्कों को जनता को समर्पित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से निर्माण कार्य की गति बनी हुई है, उसे देखकर लगता है कि निर्धारित समय में कार्य पूरा हो जाएगा। दोनों पार्कों में बाउंड्रीवॉल, आकर्षक पौधे, बेंच, आउटडोर जिम, चिल्ड्रन पार्क, पाथवे, जॉगिंग ट्रैक आदि सुविधाएं होंगी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों में ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर आक्रोश

**बैतूल।** प्रदेशभर के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग में लागू ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करने की मांग की है। एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष रवि सरनेकर ने बताया कि शिक्षक ऐप और ईएचआरएमएस ऐप के माध्यम से जीपीएस और चेहरे की पहचान आधारित उपस्थिति प्रणाली को वेतन भुगतान से जोडन्ना अव्यवहारिक और अपमानजनक है। शिक्षकों का कहना है कि अधिकांश पद ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में हैं जहां न तो आवास की सुविधा है न नेटवर्क का स्थायित्व। ऐसे में प्रतिदिन शाला खुलने और बंद होने के समय मोबाइल से ई-अटेंडेंस लगाना संभव नहीं है। नेटवर्क या फेस रिकग्निशन फेल होने से शिक्षक प्रार्थना सभा और प्रथम कालखंड छोडक़र मोबाइल पर हाजिरी लगाने में ही उलझे रहते हैं, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षकों ने कहा कि उन्हें अपने निजी मोबाइल से अटेंडेंस लगानी पड़ती है जबकि कोई मोबाइल भत्ता नहीं दिया जाता। मोबाइल के खराब या गुम होने पर भी उपस्थिति प्रभावित होती है। वहीं, अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान ऐप से जोडऩे से उनके वेतन में भी अड़चनें आ रही हैं। शिक्षकों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2018 के उस बयान का भी हवाला दिया जिसमें उन्होंने ऐसी ही ई-अटेंडेंस व्यवस्था को अपमानजनक शर्त बताते हुए रोक लगाने के निर्देश दिए थे। ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि अटेंडेंस अनिवार्य रूप से डिजिटल करनी ही हो, तो विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज की जाए, न कि मोबाइल ऐप से। शिक्षकों ने इस प्रणाली को शैक्षणिक गुणवत्ता से असंबंधित और तनावपूर्ण बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की अपील की है।

### 2 से 14 दिसंबर तक आयोजित होगा स्वदेशी मेला

**बैतूल।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 2 दिसंबर से 14 दिसंबर तक पुलिस परेड ग्राउंड में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियां जोरों पर हैं और इसे आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ स्वदेशी भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी द्वारा स्वदेशी मेला बैतूल के ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रांत संगठक हेमंत रावत उपस्थित रहे। जिला संयोजक निलेश गिरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि मेले में देशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हस्तशिल्प, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्वदेशी वस्तुओं की दुकानें और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। बच्चों के लिए छोटे-बड़े झूले, भूत बंगला जैसी मनोरंजन झलकियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

# खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा: केंद्रीय राज्यमंत्री उइके

### बैतूल पुलिस ग्राउंड में क्लस्टर स्तरीय खेलों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत बैतूल स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में बुधवार को क्लस्टर स्तरीय खेलों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके, विशिष्ट अतिथि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मप्र जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार सहित कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने भारत माता के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान खिलाडियों ने मार्च पास्ट किया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लेकर खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथियों ने खिलाडय़ों से भेंट कर उनके उत्साह, समर्पण और खेल भावना को देखकर प्रसन्नता व्यक्ति की। इस दौरान विभिन्न खेलों जैसे रस्साकसी, कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल, पिट्टू, एथेलेटिक्स, आदि प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई।

सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता, समर्पण और स्वस्थ जीवन की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव-2025 का आयोजन 8 अक्टूबर से प्रारंभ है, जो 25 दिसंबर तक निर्धारित है। जिसमें कुल 8 विधानसभा शिरकत करेंगी। बैतूल में 70 और हरदा में 18 इस प्रकार कुल 88 क्लस्टर बनाए गए है, जिसमें 754 ग्राम पंचायतों की सहभागिता है। कुल 18 खेल होंगे, जिसमें दलीय 18 और 8 खेल व्यक्तिगत शामिल है। उन्होंने कहा कि देश भर के संसदीय क्षेत्रों में खिलाडियों का पंजीयन हो रहा है। इस पंजीयन के क्रम में बैतूल जिले से बैतूल, हरदा, हरसूद लोकसभा क्षेत्र में 1 लाख 10 हजार खिलाडिय़ों का पंजीयन किया जा चुका है। पंजीयन के क्षेत्र में बैतूल जिला देश में तीसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से विविध क्षेत्रों में दक्षता रखने वाले 10 खिलाडिय़ों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। जिन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाने के लिए एशियार्ट और ओलंपिक स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### खेलों से ही होता है समाज का संपूर्ण विकास: खंडेलवाल



सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी समाज या क्षेत्र का विकास केवल सडक़, भवन या डैम बन जाने से पूरा नहीं होता। जब तक समाज के प्रत्येक व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी नई पीढ़ी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़े। खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय सराहनीय है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि खेल एक ऐसा मंच है, जहां हर वर्ग, हर धर्म और हर विचारधारा के लोग एकजुट होते हैं। यह खेल ही हैं जो समाज में एकता और समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी समय में बैतूल जिले में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल और कबड्डी के राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैतूल को खेलों का हब बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### बैतूल खेलों के क्षेत्र में अग्रणी जिलों में शामिल: नागर

मध्यप्रदेश जन अभियान के परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत क्षेत्र में देश को अग्रणी बनाने का एक बड़ा चिंतन है। पिछले 12 वर्षों से हमारे राष्ट्र ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। सभी क्षेत्र में प्रगति के साथ में खेल के क्षेत्र में भी मध्य प्रदेश निरंतर उन्नति कर रहा है। चाहे वह ओलंपिक हो या किसी भी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय खेल हो, हमारा देश पदकों की तालिका में धीरे-धीरे ऊपर जा रहा है। खेलो इंडिया खेलो और सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच मिला है, जिसके माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ में स्वदेशी खेलों को भी शामिल किया है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ी इन खेलों को खेलकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि बैतूल जिला खेलों के लिए हमेशा अग्रणी जिलों में शामिल रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल का दबदबा है। हमारे जिले के खिलाडिय़ों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में शिरकत की है। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव में शामिल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बैतूल जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

**नागरिकों के विरोध के बाद सुधार कार्य हुआ प्रारंभ**

# रिटेंडर के 2 माह बाद भी अधर में लटका परमंडल जोड़ मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

हाल ही में परमंडल जोड से मुलताई की ओर एक किलोमीटर बदहाल सडक़ को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा स्थानीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख पर की गई टिप्पणी को लेकर चर्चा में आए मार्ग का आज लोक निर्माण विभाग ने सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया। इस मार्ग को लेकर आज मार्ग के आजू-बाजू रहने वाले नागरिकों ने लोक निर्माण अधिकारियों से मिलकर विरोध जताया था। इसके बाद रोड के बड़े-बड़े गड्ढे को भरना प्रारंभ कर दिया है। किंतु ठेका होने के बावजूद भी ठेकेदार अब भी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ करेगा, इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। दूसरी ओर परमंडल जोड़ से मुलताई की ओर ड्रीमलैंड सिटी तक एक किलोमीटर रोड की हालत दिन पर दिन बत्तर होते जा रही है और मार्ग के दोनों और रहने वाले रहवासी एवं दुकानदारो का रहना दुश्वार हो गया है । प्रकाश झाडे, बबलू साहू ,राजा बनखेडे, कपिल साबले, चंद्रशेखर बनखेडे बताते हैं कि भारी वाहने के चलने से उठती धूल के चलते इस मार्ग पर लोगों को अपने गाडिय़ों के लाइट चालू करके चलना पड़ता है। धूल इतनी होती है कि किनारे खड़े रहकर सांस लेना नहीं होता, सडक़ में बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई नहीं देते और आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती है। अनेक दुकानदार मार्ग पर पानी डालकर इस समस्या को हल करते हैं।

### रिटेंडर के बाद में भी नहीं सुधरे सड़क के हालात

परमंडल जोड़ से मुलताई की ओर ड्रीमलैंड सिटी तक एक किलोमीटर रोड लागत लगभग डेढ़ करोड़ का ठेका डेढ़ वर्ष पूर्व नागपुर के कंपनी को दिया गया था। निर्माण की समय सीमा चार माह थी, ठेकेदार द्वारा डेढ़ वर्ष में भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया। इसके बाद ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड कर दूसरी कंपनी को ठेका दे दिया, किंतु ठेका प्रक्रिया पूर्ण होने के भी ठेकेदार लापता है और अधिकारी मौन है। जिस ठेकेदार को ठेका मिला है, राजनीतिक प्रभाव के चलते लोक निर्माण अधिकारी उन्हें कुछ कहने से भी कतराते हैं। अब देखना यह होगा कि राजनीतिक प्रभाव का दुख क्षेत्रवासियों को कब तक भुगतना पड़ेगा।

इनका कहना है-
नागरिकों से बात हुई है इस संबंध में ठेकेदार से बात करके कार्य प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है।

- डीआर कलमकर, उपयंत्री, लोक निर्माण विभाग मुलताई

### आमला में अजाक्स संगठन की नई टीम गठित

**आमला।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने आमला तहसील में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। अजाक्स तहसील अध्यक्ष के रूप में राजाराम नागले की तथा ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में श्रीमती रेखा धुर्वे की नियुक्ति की गई है। यह घोषणा अजाक्स संभागीय अध्यक्ष अनिल कापसे, अजाक्स जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे और अजाक्स बैतूल ब्लाक अध्यक्ष मुकेश उपराले की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर श्री चौकीकर, रामानंद बेले, देवानंद धुर्वे, दावत धुर्वे, राजू उइके, हीरालाल लाल वाड़िवा, मुकेश उपराले सहित संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। नई नियुक्तियों से संगठन में उत्साह और एकजुटता का माहौल देखा गया।

**भोपाल के रविंद्र भवन में किया गया पुरस्कृत**

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण वितरण में प्रदेश में नंबर वन रही नपा सारनी



**सारनी।** पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथकर विक्रेताओं को ऋण वितरण में सारनी नगरपालिका प्रदेश में नंबर वन रही है। मंगलवार को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका सारनी को पुरस्कृत किया गया। दरअसल स्वच्छता मिशन 2025 के शहरी नगरीय विकास आवास मिशन मध्यप्रदेश कार्यक्रम तहत रविन्द्र भवन भोपाल में नगरपालिका सारनी को स्वच्छता समग्र प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण योजना में हितग्राहियों को सबसे अधिक लोन दिलाए जाने के लिए राज्यमंत्री द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7000 करोड़ रुपए एक क्लिक के माध्यम से मध्यप्रदेश के शहरी नगरीय क्षेत्रों के विकास लिए प्रदान किए। जिसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, योजना शाखा सभापति भीम बहादुर थापा के सहयोग से उक्त लक्ष्य हासिल किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीके मेश्राम के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी केके भावसार के दिशा-निर्देश में सिटी मिशन मैनेजर मनोज परते, निधि मेरावी, डेएनयूएलएम से शाखा प्रभारी रंजीत डोंगरे एवं कर्मचारी गण निराकार सागर, राकेश डोंगरे, कीर्ति नायक कामदेव सोनी, अनिल लिलोरे, सद्दाम अंसारी, दीपक मोहबे सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों दायित्वों को अच्छे से निभाया।

**70 हजार की सामग्री भी की जब्त**

## एक नाबालिक सहित दो चोर गिरफ्तार



**मुलताई।** मुलताई पुलिस ने हाल ही में पलेगांव रोड भगत सिंह वार्ड में मोबाइल रिपेयर की दुकान में हुई चोरी के मामले में एक नाबालिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 70 हजार रुपए मूल्य की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अमित नामदेव पिता अनिल नामदेव, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम पिपरिया, हाल निवासी पारेगांव रोड, भगतसिंह वार्ड मुलताई* ने रिपोर्ट की कि वह मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान संचालित करता है। 09 अक्टूबर को वह दुकान बंद कर दुनावा बाजार गया था। अगले दिन सुबह जब दुकान खोली तो देखा कि ताला टूटा हुआ था तथा अंदर रखा सामान अस्त-व्यस्त था। रैक और दराजों के ताले टूटे हुए थे तथा दुकान में रखे कुल लगभग 70,000 के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं नकदी चोरी हो चुकी थी। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर दो अज्ञात व्यक्ति रात में दुकान में प्रवेश कर चोरी करते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान करण पिता शेषराव हजारे उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम चिल्हाटी एवं एक अपचारी बालक के रूप में की । दोनों आरोपियों को मासोद रोड मुलताई से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया।

**भोपाल में कंपनी के डायरेक्टर रंजीत शिवहरे को सौंपा अनुबंध पत्र**

# बैतूल की टापग्रिड सोलर कंपनी बनाएगी 2 मेगावाट बिजली

**बैतूल।** जिले के लिए यह एक सौगात की तरह है कि अब सूर्य भगवान की कृपा से दो मेगावाट बिजली का उत्पादन भी होगा। इस संबंध में बिजली कंपनी ने भोपाल में बैतूल की कंपनी को अनुबंध पत्र सौंपकर शीघ्र कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सोलर बिजली के लिए अभियान चलाया है। इसके तहत कुसुम योजना में किसानों को उनकी खाली पड़ी जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रकार के अनुबंध बंजर या कृषि योग्य भूमि पर सौर या अन्य नवीकरणीय ऊर्जा-आधारित बिजली संयंत्रों की स्थापना के लिए किए जाते हैं, जिन्हें वितरण कंपनियों




के साथ बिजली खरीद समझौते पीपीए द्वारा समर्थित किया जाता है। इसी के तहत मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने बैतूल की टापग्रिड सोलर कंपनी को नरखेड़ मुलताई में दो मेगावाट बिजली बनाने का 25 साल का अनुबंध पत्र सौंपा। इस दौरान मध्यप्रदेश के उर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह, नवीकरणीय उर्जामंत्री राकेश शुक्ला ने बैतूल की टापग्रिड सोलर कंपनी के डायरेक्टर व्दय रंजीत शिवहरे और वरूण शिवहरे को अनुबंध पत्र सौंपा।

इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ एसीएस नीरज मंडलोई विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री मंडलोई मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रधान सचिव भी हैं। इनके अलावा उर्जा विकास निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर और बैतूल के पूर्व कलेक्टर अमनबीर सिंह भी मौजूद थे।

**आनंद की अल्प विराम कार्यशाला सम्पन्न**

## अल्पविराम आत्ममंथन और विकास का मार्ग है: शिवानी राय



**बैतूल।** विकासखण्ड बैतूल में 15 अक्टूबर को एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सुर्यवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत के सभाग्रह में आयोजित की गई। इस अवसर पर आनंद संस्थान के शोध समन्वयक विजय कुमार बारस्कर, बैतूल जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी राय, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रिया चौधरी, जिला सम्पर्क व्यक्ति महेश गुंजेले, राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले, तुलिका पचौरी, दिलीप गीद की उपस्थिती में सत्र का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। परिचय सत्र में जिला सम्पर्क व्यक्ति महेश गुंजेले ने आनंद विभाग की गतिविधियों के बारे में विडियो के माध्यम परिचय कराया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी राय ने कहा कि अल्पविराम आत्ममंथन और विकास का मार्ग हैं। आनंद विभाग के कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हमें अपने भीतर की नकारात्मकता को पहचानने और उसे सकारात्मकता में बदलने का अवसर देता हैं। जब हम अपनी कमजोरियों को पहचानते हैं और उन्हे स्वीकार करते है, तभी हम अपने व्यक्तित्व को निखार सकते हैं। यह प्रक्रिया हमें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता और संतोष की ओर ले जाती हैं।

# कलेक्टर के निर्देश पर अवैध कब्जा हटाया, वास्तविक भू-मालिक को सौंपी गई भूमि



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर तहसीलदार बैतूल गोवर्धन पाठे ने त्वरित कार्रवाई कर ग्राम नायकचारसी कोलगांव स्थित खसरा नंबर 115/1 रकबा 0.222 हेक्टेयर भूमि से अवैध कब्जा हटाकर भूमि उसके वास्तविक मालिक मोहन साहू को सौंपी। उल्लेखनीय है कि मोहन साहू ने जनसुनवाई में अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत कलेक्टर श्री सूर्यवंशी से की थी। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि भूमि पर राजेश पिता ब्रजलाल साहू निवासी कोलगांव द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल के आदेश के अनुपालन में प्रशासनिक दल ने बुधवार को राजस्व अमला, तहसीलदार श्री पाठे और पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी मशीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की। भूमि को मुक्त कराकर उस पर मेढ़ बनवाई गई और विधिवत रूप से आवेदक मोहन साहू को उसका कब्जा सौंपा गया।

**पत्रकार वार्ता में बोले स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री- स्वदेशी एक नारा नहीं, भारतीयों का संकल्प और जीवन पद्धति है**

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विकसित राष्ट्र की नींव: राव उदय प्रतापसिंह

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय विजय भवन में बुधवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता से चर्चा करते हुए मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रतापसिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ठोस कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को आत्मनिर्भर बनाने स्वदेशी को बढ़ावा दे रहे हैं। स्वदेशी एक नारा नहीं, भारतीयों का संकल्प और जीवन पद्धति है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने देश की जनता स्वदेशी अपनाकर योगदान दे। देश के युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा को बढ़ावा देकर देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहभागिता करें। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वदेशी को बढ़ावा दिया गया। वर्ष 2014 से पहले हमारी सेनाओं की रक्षा सामग्री भी विदेशों से मंगाई जाती थी। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत का रक्षा निर्यात 23 हजार करोड से अधिक पहुंच चुका है। भारत वर्तमान में प्रति वर्ष 2 लाख करो? के मोबाइल निर्यात कर रहा है। मोबाइल निर्माण में भारत विश्व में दूसरे नंबर




पर है। आटोमोबाइल, ट्रैक्टर निर्माण में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर, बस निर्माण में दूसरा स्थान और ट्रक निर्माण में भारत तीसरे स्थान पर है। रक्षा क्षेत्र में निर्यात 13 गुना बडा है। रक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां भारत ने हासिल की हैं। जीएसटी की कटौती के मूल में भी आत्मनिर्भर भारत का निर्माण है। पत्रकारो के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि स्वदेशी का मतलब ही है कि जिसे बनाने में भारतीयों का पसीना बहा हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं। विकसित राष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिए भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाने का निर्णय लिया है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानह्य में स्वदेशी और लघु उद्योगों को बढावा देना है। यह अभियान विकसित भारत बनाने की गति को तेज करने के साथ देश को आयात पर निर्भरता से मुक्त करना है। घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाना है। साथ ही नवाचार, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी को बढावा देने के साथ युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर देना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद वह है जो भारत में बना है, स्वदेशी वह है जिसको बनाने में भारतीयों का श्रम पसीना लगा है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का आह्वान प्रधानमंत्री जी ने किया है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी यह एक नारा नहीं आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को बढावा देने से देश की परंपरा, सभ्यता और संस्कृति को बढावा मिलता है। स्वदेशी अपनाते हैं तो देश के कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों, उद्यमियों को ताकत और सम्मान मिलता है। उन्होने कहा कि स्वदेशी का आदर्श स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी जी जैसे दूरदर्शी नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम की एक मार्गदर्शक शक्ति बना था। आज मोदी जी के आव्हान पर युवा, किसान और महिलाएं स्वदेशी से प्रेरणा लेकर 2047 तक विश्व की नंबर एक अर्थ व्यवस्था बनने के लिए एक साथ आगे आ रहे है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशअध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक डा.योगेश पंडाग्रे, जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जिम्मेदार साहबों की मिलीभगत से सोनासांवरी नाले पर कॉम्प्लेक्स बनाकर किया अतिक्रमण

# झूठे दस्तावेजों के आधार पर कर लिया अवैध निर्माण, पार्षद कापरे ने लगाए कई आरोप

**नगरसीमा से सटे सोनासांवरी नाका क्षेत्र में शहर के ड्रेनेज निकासी के एकमात्र स्त्रोत नाले पर निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स दरअसल, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कुछ जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से किया गया अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगरसीमा से सटे सोनासांवरी नाका क्षेत्र में शहर के ड्रेनेज निकासी के एकमात्र स्त्रोत नाले पर निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स दरअसल, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कुछ जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से किया गया अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण है। यह अवैध निर्माण अब पूरी तरह अपने पैर पसार चुका है, और इतने वर्षों से सबकी आंखों के सामने हो रहे इस निर्माण कार्य को पूरे होने में अब कुछ ही दिन शेष है। मामले की एक मयदस्तावेज शिकायत नगर पालिका परिषद इटारसी के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद अमित कापरे ने आयुक्त नर्मदापुरम को की।

### यह है पूरा मामला

उल्लखेनीय है कि बीते वर्ष 22 जुलाई 2024 को बारिश के कारण इटारसी नगर के कई ऐसे क्षेत्र जो अभी तक कभी भी बाढ़ की चपेट में नहीं आए थे ऐसे कई घरों में पानी घुस गया। कई ऐसे मोहल्ले और कालोनियां बाढ़ की चपेट में आ गए जो इस कथित पुल निर्माण के पहले कभी नहीं डूबे थे। इस आशय की शिकायत सीमावर्ती क्षेत्र के पार्षद अमित कापरे ने अनुविभागीय दंडाधिकारी को की थी। शिकायत पर अनुविभागीय दंडाधिकारी इटारसी ने राजस्व मामले में संबंधितों को नोटिस जारी कर प्रश्नाधीन भूमि पर निर्माण कार्य न किए जाने एवं आगामी आदेश तक उक्त भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने हेतु आदेशित किया था। निरंतर शिकायतों के बावजूद अतिक्रमणकर्ता द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया। अवैध भूमि पर इतना बड़ा निर्माण कार्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों के सामने हो रहा था।

### तहसीलदार ने किया डायवर्सन

यह निर्माण कार्य, पार्श्व जैन एवं प्रवीण जैन ने खसरा क्रमांक 113 पटवारी हल्का नंबर 14 रकबा 0.284 हेक्टेयर जो की ग्राम पंचायत सोनासांवरी की भूमि पर व्यपवर्तन (डायवर्शन) हेतु आवेदन किया एवं न्यायालय तहसीलदार द्वारा उक्त भूमि पर प्रकरण क्रमांक 1375/अ-6/2021-22 में आदेश दिनांक 11/02/2022 के अनुसार व्यपवर्तन कर भूअभिलेख अद्यतित भी कर दिया। ज़बकि भूमि का उद्देश्य इसके इतर अन्य के लिए तय है। इससे साबित होता है कि भूमि के उक्त खसरे के संबंध में बहुत बड़ा हेर फेर किया गया है।

### स्थगन के बाबजूद जारी रहा निर्माण

पार्षद अमित कापरे ने बताया कि निर्माणकर्ताओं जैन बंधुओं द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी को प्रस्तुत दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि अतिक्रमणकर्ता पार्श्व जैन एवं प्रवीण जैन को उक्त भूमि पर ग्राम पंचायत सोनासांवरी द्वारा पुलिया निर्माण एवं भवन निर्माण अनुज्ञा दी गई। जो कि पूर्णतः फर्जी एवं कूटरचित है। चूंकि एसडीएम इटारसी द्वारा दिनांक 24/07/2024 को स्थगन आदेश जारी कर दिया गया। जानकर अनावेदक ने दिनांक 26/07/2024 को पंचायत दर्पण पोर्टल पर भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु आवेदन क्रमांक 2146644 ऑनलाइन आवेदन किया। जिसे भी ग्राम पंचायत द्वारा खारिज कर दिया गया।

### झूठे दस्तावेजों से शासन को क्षति

अब मामला मात्र शहरी क्षेत्र में जल भराव का नहीं रह गया है, बल्कि कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से शासन को धोखा देना सिद्ध होता है। पार्षद कापरे ने कार्यालय उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला नर्मदापुरम से दिनांक 22 जुलाई 2025 को विकास योजना में निर्धारित उक्त भूमि उपयोग की जानकारी मांगी। जिस पर दिनांक 26 जुलाई 2025 को संबंधित कार्यालय द्वारा फाइल संख्या ITSLUC1571215194182 द्वारा ग्राम सोना सांवरी स्थित खसरा क्रमांक 113 का भूमि उपयोग विवरण रिक्रिएशनल बताया। शासन के नियम अनुसार ऐसी भूमि पर भवन निर्माण अनुज्ञा दी ही नहीं जा सकती। यहां यह जानना भी जरूरी है कि ग्राम पंचायत (भवनों के परिनिर्माण तथा विस्तार पर नियंत्रण) उपविधियां 1 की धाराओं में स्पष्ट उल्लेख है यदि स्थान नदी की बाढ़ की चपेट में आता हो को भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी जावेगी। जिसका स्पष्ट उल्लंघन और राजपत्रित ऐसे शासकीय आदेश की अवहेलना लाभ पहुंचाने एवं लाभ पाने की मंशा से अनावेदक, पूर्व अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य द्वारा जानबूझकर कारित की गई है।

### विधायक को दी झूठी जानकारी

पार्षद अमित कापरे ने बताया कि इटारसी होशंगाबाद विधानसभा के विधायक सीतासरन शर्मा द्वारा 31/07/2025 प्रश्न क्रमांक 97 तारांकित के (घ) में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से इटारसी नर्मदापुरम के नालों पर अतिक्रमण के संबंध में जानकारी मांगी कि विगत 10 वर्षों में नालों की दिशा परिवर्तन की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई एवं इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी दें। इस विधानसभा प्रश्न पर उत्तर के रूप में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भ्रामक जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### अब आगे क्या होगा

शिकायतकर्ता पार्षद कापरे ने कहा कि जनहित के जिस आशय से आयुक्त नर्मदापुरम को इस गंभीर विषय में शिकायत की गई है इस पर यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है। तब इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस विधि विभाग के वरिष्ठ जनों से कानूनी सलाह लेकर दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही हेतु नगर थाना इटारसी में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## रात में हाईवे पर सफेद रोशनी वाले वाहनों से हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लंबे समय से दोपहिया, तिपहिया तथा चौपाहिया वाहनों में तेज रोशनी वाली व्हाइट लाइट अर्थात सफेद रोशनी देने वाले बल्बों का उपयोग किया जा रहा है। जिनके कारण दुर्घटनाओं के आसार बढ़ रहे हैं। लेकिन वाहन में प्रतिबंधित बल्ब के उपयोग पर कार्रवाई के रिये विभाग का मौन कई सवाल खड़े कर रहा है। हरिभूमि संवाददाता ने मंगलवार रात आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक की नर्मदापुरम-सोहागपुर यात्रा में पाया कि सैकड़ों वाहनों में व्हाइट लाइट का उपयोग किया जा रहा है। दोपहिया एवं तिपहिया सहित चौपहिया श्रेणी के हल्के व भारी वाहनों में इस प्रकार की लाइट्स का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रण दे रहा है। वाहन चालकों अनुराग मसीह, नितिन सूर्यवंशी, अनंत कुमार, अनुराग कहार आदि ने बताया कि रात्रि में वाहनों की आमने-सामने की क्रॉसिंग के समय व्हाइट लाइटेड वाहन के कारण दुर्घटनाओं की शत प्रतिशत संभावना रहती है। कंपनी फिटेड पीली लाइट की रोशनी में आमने-सामने की क्रॉसिंग दौरान सड़क का हिस्सा इतना तो दिख जाता है कि वाहन निकाले जा सकते हैं। लेकिन व्हाइट लाइट बहुत तीव्र होती है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है।



### कुछ सेकेंड बहुत ज़रूरी

वाहन चालकों ने बताया कि व्हाइट लाइट की गाड़ी के सामने क्रॉसिंग के दौरान आखिरी के कुछ सेकेंड बहुत में ही महत्वपूर्ण होते हैं। कुछ सेकेंड के लिए वाहन चालक को सड़क पर कुछ भी दिखाई देना बंद हो जाता है और ये कुछ सेकेंड ही दुर्घटना का कारण बनते हैं। चालकों नितिन सूर्यवंशी व अनुराग मसीह ने बताया कि रात्रि में व्हाइट लाइट के वाहनों के कारण अन्य वाहन चालकों का सड़कों पर वाहन चलाना धीरे-धीरे मुश्किल होता जा रहा है।

इस स्थिति में जरूरी है कि आरटीओ व पुलिस अधिकारी व्हाइट लाइट का उपयोग करने वाले वाहन चालकों व मालिकों पर कड़ी कार्रवाई करें। इन वाहनों से व्हाइट लाइट्स हटाई जाएं तथा जुर्माना भी किया जाए। ताकि संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## दीपावली से पहले मिठाई दुकानों पर छापेमारी, नमूने लिए गए दुकानदारों में हड़कंप, प्रशासन सतर्क



**सिवनी मालवा।** दीपावली से पहले मिलावटी मिठाइयों की शिकायतों को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार को शहर की मिठाई दुकानों और मिठाई निर्माण इकाइयों पर छापेमारी की। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर बंद कर दिए और मिठाइयों को दुकान से हटा लिया। टीम के पहुंचने पर कई जगह मिठाई का स्टॉक नहीं मिला। एसडीएम सरोज परिहार के निर्देशन में नायब तहसीलदार कीर्ति प्रदान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा और विनय सैनी की टीम ने राजस्थान मिष्ठान भंडार, साईनाथ स्वीट्स सहित कई दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों की साफ-सफाई पर जोर दिया गया और मावा बर्फी, पेड़ा, मिल्क केक और लड्डू के नमूने जांच के लिए लिए गए। ये नमूने खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक शहर में खाद्य विभाग की जांच जारी थी, जिससे मिठाई कारोबारियों में हलचल मची हुई है।

## गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुआ राष्ट्रीय वेबिनार

**सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में "सूचना प्रौद्योगिकीः प्रबंधन और प्रसार" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे, प्राचार्य डॉ. आर. के. रघुवंशी शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा, डॉ. ऐ. के. यादव, डॉ. एस. के. सोनी तथा डॉ. मोहर सिंह हिन्डोलिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## आत्मनिर्भर भारत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मंगलवार बाजार धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान तथा कार्यकर्ता सम्मान का आयोजन किया गया कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास हुई के एवं मत्स्य मंत्री नारायण सिंह पवार शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा की गई विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल जनपद अध्यक्ष एवं माधव दास अग्रवाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के तमाम वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें मंत्री दुर्गादास हुई के ने कहा कि संस्कृति विदेशी हावी हो रही है उसके पहले अभी अपने को जागरूकता की जरूरत है अतः संस्कृति और स्वदेशी को बचाए रखना है उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना पर जोर दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाइयों पर जा रहा है उसे पर भी उन्होंने जोड़ दियाइस दौरान मंत्री नारायण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत बना रहे हैं उन्हें हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी की बात दोहराई विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने जन भागीदारी को मजबूत करने की बात कही मंच संचालन गिरधर के द्वारा किया गया तथा सभी नेताओं के द्वारा उनका जगह-जगह स्वागत सम्मान किया।

इसमें पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय नरेंद्र पटेल पुरुषोत्तम रघुवंशी भगवान दास अग्रवाल खूबचंद रघुवंशी प्रीतम सिंह पुरबिया देवेंद्र तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विविध समस्याओं को लेकर जन सुनवाई में नागरिकों ने की शिकायतें, अफसरों ने सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई जपं सभागार में की गई। जिसमें नागरिकों ने विविध समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए हैं। सभी आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए हैं। रितेंद्र सिंह राजपूत, अशोक कुशवाहा, दशरथ, मनीराम कुशवाहा, लखनलाल आदि ने उल्लेख किया है कि रेलवे लाइन से लगे ग्राम जिर्रन के खेतों में बिजली नहीं मिल रही है। आवेदकों के अनुसार उनके खेतों में बिजली पहले सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर के पास लगे ट्रांसफार्मर से वितरित होती थी। लेकिन बाद में इसे निभौरा और फिर उसके बाद रामनगर फीडर से जोड़ा गया। जिसके कारण एक से दो घंटे बिजली मिल रही है। अगले आवेदन में दौलतराम पुत्र हल्कू प्रसाद कुशवाहा ने उल्लेख किया है कि बांसखापा में उनके खेत में बिजली विभाग ने तार लगाए हैं। लेकिन पोलों के बीच दूरी कम होने से तार नीचे हैं व कृषि कार्य में मुश्किल होती है। अतः पोल बढ़ाए जाएं। गुरमखेड़ीवासियों केदार, गेंदीलाल, साधुराम आदि ने आवेदन में उल्लेख किया है कि गांव के रास्ते पर अतिक्रमण से परेशानी होती है। अतः सीमांकन कर रास्ता खोलने की मांग आवेदकों ने की है। आवेदकों के अनुसार लगभग डेढ़ वर्ष से शिकायतें कर रहे हैं और यहां तक कि कलेक्टर कार्यालय में भी आवेदन दिया है। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी है। अगले आवेदन में आवेदक सीताराम बैजनाथ रघुवंशी ने उल्लेख किया है कि भजियाढाना स्थित उनके खेत पर चार लोगों ने कब्जा कर रखा है। कब्जेदार ही फसल लेते हैं व बिजली जलाते हैं। लेकिन बिजली कंपनी द्वारा आवेदक के खेत से बिजली के तार व स्टार्टर उठाए गए हैं। जबकि बिजली का उपयोग कब्जे वाले खेत में आवेदक नहीं करता है। आवेदक ने कब्जा हटवाने व समस्या निराकरण की मांग की है।

## दिल्ली के भारत मंडपम में किए चेलानी व सिद्धवानी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



फेडरेशन आफ वर्ल्ड सिंधी एसोसिएशन द्वारा रविवार को दिल्ली के भारत मंडपम के सभागृह में सिंधी सनातनी संस्कृति को आगे बढ़ाने और सिंधी भाषा को जीवित रखने के लिए लगातार कार्य कर रही झूलण सेवा समिति के संरक्षक राहुल चेलानी, गोपाल सिद्धवानी और महेश वलेचानी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, शदाणी दरबार रायपुर के संत उदय लालजी, भारतीय सिंधु सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा लद्दाराम नागवानी, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांदे, एक चैनल के एंकर किशोर अजवानी, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, इंटरनेशन सिंधू फाउंडेशन के चेयरपर्सन राम जावरानी सहित दिल्ली सरकार के कई मंत्री और सिंधी समाज की प्रसिद्ध हस्तियां मौजूद थी।

## नपा को राज्य स्तर पर किया गया सम्मानित नपाध्यक्ष के प्रयासों की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद के लिए स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राज्य स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस कार्यक्रम में पिपरिया नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल उपाध्यक्ष संतोष परते पार्षद कौशल्या ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक सेनेटरी शाखा प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में नगर के विकास के लिए संकल्प लेकर कार्य करने वाली अध्यक्ष ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने के लिए काफी काम किया है जिसमें बताया गया कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में नगरी निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं अन्य लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया तथा पुरस्कार प्रदान किया गया।

नगर पालिका परिषद नीना नवनीत नागपाल के द्वारा शोभापुर रोड सांडिया रोड सीमेंट रोड से लेकर तुलसी नगर तक पचमढ़ी रोड पर तहसील चौराहे तक चारों तरफ सड़कों का चौड़ीकरण किया गया है उसके बाद पचमढ़ी बस स्टैंड पर चारों तरफ सड़कों का निर्माण परिसर बनाया जा रहा है




शिव धाम बनाया जा रहा है सभी वार्डों में सड़क एवं नालियों का निर्माण लगातार जारी है दो बार नगर का अतिक्रमण भी हटाया जा चुका है तथा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर में दो बार प्रतिदिन सफाई कराई जाती है इन कार्यों को ध्यान में रखते हुए नगरी मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान पत्र लेने के बाद नगर प्रवेश पर सभी का स्वागत सम्मान करते हुए नगर में खुशी मनाई गई।

## सचिव और रोजगार सहायक की लापरवाही, राशि कर रहे बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत लांजी में पाया गया कि दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंचायत भवन में ताला लगा हुआ था जबकि वहां पर मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को उपस्थित रहने के निर्देश हैं यदि रोजगार सहायक पीएम आवास जैसे आवश्यक कार्यों में छायाचित्र लेने में लगा हुआ है तो सचिन को ग्राम पंचायत की मतदाताओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वहां उपस्थित रहना है लेकिन यहां पर देखा गया कि ग्राम पंचायत में अक्सर सचिव मुख्यालय पर नहीं रह रहे हैं सभी जनपद पंचायत पिपरिया में अप डाउन कर रहे हैं तथा ग्राम पंचायत लांजी के सचिव सुग्रीव यादव पूर्व में खैरी कला में रहे हैं वहां पर भी लोगों का कहना है कि वह लगातार कभी पंचायत में आए नहीं है और यहां भी नहीं आते हैं। जनता के पैसे का किस तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है यह पंचायत में देखा जा सकता है इसका असली हिसाब बैंकों के अलावा कहीं नहीं है यदि कोई व्यक्ति आरटीआई लगता है तो उसे दस्तावेज नहीं दिया जाते हैं गांव की एक मस्त कमाई और सरकारी योजनाओं के पैसे का खर्च चाय नाश्ते स्वभाव पर किया जाना लगता है सीधे-सीधे आंकड़े लेकर बताया जाता है कि संबल योजना आयुष्मान योजना सहित शासन की सभी योजनाओं का यहां पर संचालन नहीं किया जा रहा है 15वें वित पांचवें वित्त सहित तमाम व्यक्ति की राशि का यहां पर कोई हिसाब किताब नहीं बताया जा रहा है ग्राम सभा में भी कोई खर्च पंचों को नहीं दिखाया जाता है।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के लिए प्रयास

# दावेदार रहे सक्रिय, कोशिशें जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में जल्द नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की संभावना बन रही है, जिसके लिये पार्टी में अंदरुनी सक्रियता जारी हैं। सोहागपुर को नया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिलेगा, ऐसा पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने चर्चा में बताया है। जानकारी अनुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए चौधरी गजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह ठाकुर, रघुवीर सिंह ठाकुर के अलावा और भी दावेदारों के नाम चर्चाओं में हैं। कांग्रेस नेता अधिकृत जानकारी तो नहीं दे रहे हैं, लेकिन पार्टी सूत्रों ने ही ये नाम बताए हैं। बता दें कि अभी पार्टी के वरिष्ठ नेता आलोक जायसवाल सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं।

### इन दावेदारों पर नज़र

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मानें तो सोहागपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह की दावेदारी मज़बूत है। गजेंद्र सिंह इससे पहले सोहागपुर ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष, रघुवंशी विकास मंच पिपरिया-बनखेड़ी-सोहागपुर अध्यक्ष, गौंड़ीखेड़ी नहर अध्यक्ष तथा सहकारी समिति सोहागपुर अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में अखिल भारतीय रघुवंशी क्षत्रिय महासभा सदस्य के रूप में चौधरी सक्रिय हैं। दूसरे दावेदार सुधीर सिंह ठाकुर को क्षेत्र में सद्व्यवहारी व्यक्तित्व माना जाता है। वर्तमान में ग्रापं भटगांव सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर एनएसयूआई में जिला उपाध्यक्ष, युकां में ब्लॉक अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष, सेवादल में ब्लॉक अध्यक्ष तथा जनपद सदस्य रहे हैं।

कमलनाथ के पीएससी चीफ होने के दौरान ठाकुर प्रदेश कांग्रेस सचिव थे। ठाकुर का मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की गुड लिस्ट में होना उनका दावा मजबूत कर रहा है। इनके अलावा पूर्व जपं सदस्य व सक्रिय कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह ठाकुर भटगांव भी काफी चर्चा में है। कुछ अन्य दावेदारों के नाम भी चर्चाओं में हैं, लेकिन ये तीन नाम अधिक चर्चित हैं।

## नरवाई में आग लगने वाले पर मामला दर्ज

**माखन नगर।** किसान कल्याण एवं कृषि विभाग की कृषि विस्तार अधिकारी की रिपोर्ट पर सुआखेडी के किसान उमेश कहार पिता घुड़िया कहार की खेत की नरवाई जलाए जाने पर माखन नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। कृषि विभाग के अधिकारी ने रिपोर्ट बताया है उमेश कहार ने विनोद पिता बारेलाल का आंचल खेड़ा स्थित हल्का नंबर 18 मैं खेत सिकमि लिया था जिसमें धान की फसल लगाई थी और फसल काटने के बाद नरवाई डंठल मैं आग लगा दी मौके पर जाकर पंचनामा बनाया गया उमेश कहार ने कलेक्टर दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया है कृषि विभाग ने बताया नर्मदा पुरम जिले में नरवाई में आग लगने पर प्रतिबंध है पुलिस ने उमेश कहार पर बीएन एस की धारा 223 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

## स्वदेशी व्यापार नहीं व्यवहार है : विधायक रामेश्वर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्वदेशी का भाव हम भारतवासियों की रग रग मे बसा है। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, महर्षि अरविंदो और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समय-समय पर स्वदेशी के प्रति देशवासियों को प्रेरित करते आए हैं। वास्तव में स्वदेशी हमारे लिए व्यापार नहीं अपितु व्यवहार है। इटारसी में आयोजित भाजपा के नर्मदापुरम विधानसभा सम्मेलन मैं मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और भोपाल की हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने उक्त उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरण शर्मा, सांसद माया नरौलिया, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नीतू यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, पीयूष शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा विक्रय के 10 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने ग्राम भोनखेड़ी, कामल्या ढाबा करताना, रूंदलाय, गुल्लास, नांदरा, आदमपुर, रिजगांव, शिव महिमा ढाबा भैरोपुर, आलनपुर व अतरसमा में दबिश देकर कुल 33 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 56 पाव देशी शराब एवं 640 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 74800 रूपये है।

### सोयाबीन भावान्तर पंजीयन के लिए 2 दिन शेष

**हरदा।** खरीफ 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर, तक निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जे.एल. कास्दे ने बताया कि जिले में भावान्तर योजना के तहत सोयाबीन के पंजीयन के लिये 50 पंजीयन केंद्र ई-उपार्जन पोर्टल पर स्थापित किये गये हैं।इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा भी पंजीयन कार्य किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिले के 21805 किसानों द्वारा 65485.26 हेक्टेयर का पंजीयन कराया गया है।

### भाजपा की अंदरूनी कलह से विकास कार्य ठप

**खिरकिया ।** नगर परिषद में हुई भाजपा पार्षदों की बैठक और उसमें पार्षदों द्वारा कांग्रेस पार्षदों से अध्यक्ष की मिली भगत के आरोपों के बाद अब कांग्रेस तिलमिला उठी है। कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र राजपूत ने तीखा पलटवार करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी बताया कि खिरकिया नगर परिषद में इन दिनों भाजपा की आपसी खींचतान ने नगर के विकास कार्यों को पूरी तरह ठप कर दिया है। भाजपा के ही दस पार्षद और एक भाजपा समर्थक निर्दलीय पार्षद लम्बे समय से परिषद अध्यक्ष को हटाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद अब तक वे असफल रहे हैं। कल इन पार्षदों ने नगर परिषद उपाध्यक्ष के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर परिषद अध्यक्ष पर कांग्रेस से मिलीभगत कर विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाया।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 40 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### स्वदेशी जागरण एवं स्वावलंबन अभियान टोली ने छात्र-छात्राओं के बीच स्वदेशी भाव को जागृत करने के विचार रखे

# दीपोत्सव त्योहार पर विदेशी की जगह स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें: पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

स्वदेशी जागरण एवं स्वावलंबन अभियान की हरदा टोली द्वारा आई टी आई रहटगांव ,गौरव विद्या निकेतन स्कूल, शासकीय विद्यालय छात्र एवं छात्राओं के बीच जाकर स्वदेशी भाव को जागृत करने के विचार रखें। उद्बोधन के दौरान जिला समन्वयक नरेंद्र राठी द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा रखी तथा देश के समग्र विकास में स्वदेशी भाव के महत्व से अवगत कराया। प्रांतीय मेला, सह समन्वयक रविलाल पटेल द्वारा दीपोत्सव त्योहार को विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल दिया। प्रमुख वक्ता डा.एल.एन.पाराशर द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को यदि संपूर्ण विश्व में जो आज चतुर्थ स्थान पर है। यदि हमें प्रथम स्थान पर लाना है तो स्वदेशी वस्तुओं का क्रय विक्रय , संस्कृति, आचार -वव्यहार, ही उस लक्ष्य को पाने का मूल मंत्र है। हमारे दैनिक जीवन में मजबूरी या आदत से विदेशी वस्तुओं का उपभोग आचरण में आ गया है उसे समाप्त करना होगा। कार्यक्रम के विस्तारक द्वारा स्वदेशी के नारे तथा स्वावलंबन अभियान को सुदृढ़ स्वरूप देने के विचार विद्यार्थियों के बीच रखें। आयोजित संस्थाओं में स्वदेशी पत्रक भी वितरित किए गए लगभग 2000 पत्रक स्वदेशी एवं विदेशी वस्तुओं की जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

## दीपावली पर सिर्फ ग्रीन पटाखे ही चला सकेंगे

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2)(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दीपावली पर्व पर 20 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक दो घण्टे के लिये केवल ग्रीन पटाखों के उपयोग करने की अनुमति संबंधी आदेश जारी किये है। शेष समय पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध जिला हरदा की शहरी क्षेत्र की सीमा में लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की भोपाल बेंच द्वारा भी पूर्व में आदेश जारी किये गये है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश अनुसार ध्वनि मानक स्तर 125 डीबी से ज्यादा शोर उत्पन्न करने वाले एवं लड़ी अर्थात जुड़े हुये पटाखे चलाने पर पूर्व से ही प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश अनुसार संवेदनीशल क्षेत्र जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, जिला न्यायालय, कलेक्ट्रेट, शैक्षणिक संस्थानों इत्यादि से 100 मीटर की दूरी तक पटाखों का प्रस्फोटन प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आवेगा।

### सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

# खिलाड़ी एक जीतता है तो दूसरा हारता है लेकिन हारने वाले को हिम्मत से आगे बढ़ना है: गहलोत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सांसद खेल महोत्सव के तहत बुधवार को शास कन्या शाला हरदा एवं शास महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा के स्कूलों की संकुल स्तर प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया प्रतियोगिता में अबगांव, बेड़ागांव, उड़ा, जोनर एजुकेशन सिस्टम, संस्कार विद्यापीठ, सेंट मेरी, सनफ्लावर स्कूल, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय, महात्मा गांधी स्कूल, कन्या शाला, नवीन हाई स्कूल हरदा, बालिका छात्रवास, हरदा ऑफ एजुकेशन हरदा, होलीफेथ स्कूल हरदा सहित शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के लगभग दोनों संकुल से 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, रिटायर्ड प्राचार्य कन्या शाला कमला सोनी एवं प्राचार्य जेपी प्रजापति, प्राचार्य मंजुलता खरे के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय कर किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गहलोत ने कहा कि खिलाड़ी एक जीतता है तो दूसरा हारता है लेकिन हारने वाले को हिम्मत से आगे बढ़ना है। सोनी ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों से कहा कि खेल जीवन का अहम भाग है। शिक्षा के साथ खेल में अपना करियर बनाए। कन्या शाला संकुल अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में खो खो बालिका वर्ग में सनफ्लॉवर स्कूल विजेता तथा कन्या शाला उपविजेता रही। इसी प्रकार कबड्डी में कन्या शाला विजेता व बालिका छात्रवास अन्नपुर्णा उपविजेता, कबड्डी बालक वर्ग में नवीन माध्यम शाला विजेता एवं अवगांव खुर्द उपविजेता रही।

### ये स्कूल रहे विजेता उप विजेता

महात्मा गांधी स्कूल अंतर्गत आयोजित खो खो बालिका वर्ग में जोनर एजुकेशन सिस्टम विजेता व महर्षि ज्ञानपीठ उपविजेता, खो खो बालक वर्ग में जोनर एजुकेशन सिस्टम विजेता व महात्मा गांधी स्कूल उपविजेता, कबड्डी बालक वर्ग में महात्मा गांधी स्कूल विजेता व शास उत्कृष्ट विद्यालय उपविजेता तथा वॉलीबॉल बालक वर्ग में जोनर एजुकेशन विजेता व महात्मा गांधी स्कूल उपविजेता रहे। इसके अलावा 100मीटर में प्रथम स्थान अनूज कुमार व दूसरा स्थान युवराज सिंह, 200 मीटर में प्रथम तनिष्क मालवीय व द्वितीय स्थान बसंत कुमार, 400 मीटर में प्रथम स्थान राजेश व दूसरा स्थान विवेक सिंह तथा 800 मीटर में प्रथम स्थान कासिम व दूसरा स्थान विकास ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भूपेंद्र सिंह तोमर, पहलद जाट, नीरेंद्र सेवारिक, पवित्र चौरसिया, रूबी अग्रवाल, मोनिका मेहता, विनोद उपाध्याय, प्रवीण बॉथम, अख्तर अहमद, सभी ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता को संपन्न कराया। हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संकुल प्रतियोगिता संपन्न हुई संकुल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 17 नवंबर से आयोजित विकासखंड प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

# 25 अक्टूबर से नहरों में पानी छोड़ा जाना प्रस्तावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला जल उपयोगिता की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरों की मरम्मत कराई जाए ताकि पानी वेस्टेज न हो।

टेल एरिया के किसानों को प्राथमिकता से पानी मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई के लिये किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। बैठक में किसानों द्वारा जिले में 25 अक्टूबर से नहर में पानी छोड़ने की मांग की गई एवं साफ-सफाई, मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने की मांग की गई। बैठक में बताया कि जिले में रबी फसल के लिये 52302 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिये जल प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। इसमें तवा परियोजना के तहत 38727 हेक्टेयर, माचक उपनहर अंतर्गत 8100 हेक्टेयर, खिरकिया नहर अंतर्गत 2700 हेक्टेयर तथा लघु सिंचाई योजना के तहत इमलीढाना तालाब अंतर्गत 1784 हेक्टेयर, जामन्या तालाब अंतर्गत 161 हेक्टेयर व आमाखाल तालाब अंतर्गत 830 हेक्टेयर क्षेत्र सम्मिलित है।

बैठक में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग हरदा सोनम वाजपेयी, सभी जल संसाधन अधिकारी, उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, सहायक यंत्री मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कृषक महिला दिवस का आयोजन

# ग्रामीण कृषक महिलाओं को अधिकारों, कृषि में उनकी भागीदारी के प्रति जागरुक किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा बुधवार को विकासखंड खिरकिया के ग्राम जूनापानी में राष्ट्रीय महिला कृषक दिवस का आयोजन आगा खान संस्थान के साथ संयुक्त रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र हरदा की जागृति बोरकर एवं डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया उपस्थित रहे। केंद्र प्रमुख डॉ. संध्या मूरे ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण कृषक महिलाओं को उनके अधिकारों, कृषि में उनकी भागीदारी एवं महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम प्राकृतिक खेती अंतर्गत सांप सीढ़ी खेल का आयोजन, आदिवासी नृत्य एवं कृषि आधारित भजन का आयोजन भी किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को मक्के की उन्नत उच्च उत्पादक एवं बायोफर्टिफाइड किस्म जेएम 10 14 पर मक्का छिलाई यंत्र से मक्के का दाना भुट्टे से अलग निकालने का प्रत्यक्ष प्रदर्शन महिलाओं को हाथ से, मक्का छिलाई यंत्र एवं हंसिये से निकलने का समय एवं मात्रा से परिचित कराया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

# बाल विवाह, बाल संरक्षण, बालिका शिक्षा व महिला सशक्तीकरण की जानकारी दी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राष्ट्रीय पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बुधवार को जनपद पंचायत सभागृह हरदा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत एवं पार्षद अनिता अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सुचिता एक्का द्वारा बाल विवाह, बाल संरक्षण, बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होने वन स्टाप सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं एवं हेल्पलाइन नम्बर 181 व 1098 के संबंध में भी उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी तथा संतुलित आहार व स्थानीय अनाज, फल व सब्जी का महत्व बताया। कार्यशाला में प्रभारी परियोजना अधिकारी हरदा शहरी, भारती भल्लावी, प्रभारी परियोजना अधिकारी हरदा ग्रामीणप्रीति शर्मा सहित पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित थे।

### दीपावली पर सतर्कता

# प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ग्राम करताना में श्री कृष्णा डेरी बेकरी सेंटर से पनीर का सैंपल लिया गया एवं जय गजानन स्वीट से गुपचुप मिठाई और मावा बर्फी, जय बाबा रामदेव होटल से बूंदी का लड्डू और मावा बर्फी के सैंपल लिएं गये। श्री कांबले ने बताया कि सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा तथा जांच उपरांत रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# मुंगावली की दिव्यांग छात्रा ने राज्य स्तर पर अपना परचम लहराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

निरंतर प्रयास, दृढ़ निश्चय, लगन, आत्मविश्वास के बल पर असंभव को भी संभव किया जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण मुंगावली की मूक बधिर छात्रा नेहा कुशवाहा है। जिसने नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में एकल अभिनय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संभाग व जिले का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग संयुक्त संचालक, विधायक, सांसद दर्शन चौधरी, शा उमा वि प्राचार्य अर्चना मिश्रा द्वारा छात्रा को पुरस्कृत किया गया! इस मूक बालिका की आवाज बनी शिक्षिका ज्योति त्यागी जिन्होंने अपनी सकारात्मक सोच से इस बालिका के आत्मविश्वास को बढ़ाया और इस बालिका को राज्य स्तर तक पहुंचने में अपना मार्गदर्शन दिया, ऐसे शिक्षकों को नमन! नेहा के पिताजी रामचंद्र कुशवाहा एक मजदूर है।

उन्होंने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षिका ज्योति त्यागी, जितेंद्र बड़ोदिया, पूजा गांधी व स्टाफ सदास्यो को धन्यवाद प्रेषित किया व संस्था प्राचार्य संस्था आर डी सोलंकी, राजेश कसोटिया, भैरव सिंह शाक्य, रितेश राठौर, ओ पी शर्मा अंजू डोग्ने, प्रमोद खत्री, रेखा विश्वकर्मा, सुनीता भदोरिया, घनश्याम डोग्ने, घनश्याम मोहनिया, मुकेश सिसोदिया, देवेंद्र, हेमंत, गौरीशंकर द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं दी गई।

### बालागांव में निकाला पथ संचलन

# संगठन शक्ति ही कलयुग में जागृति का आधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हरदा खंड के बालागांव मंडल में विशाल पथ संचलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बालागांव बूंदडा ,जिजगांव एवं अन्य ग्रामों के लगभग 100 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संगठन के वरिष्ठ गणों ने कहा कि संगठन शक्ति ही कलयुग में जागृति का आधार है और संघ के स्वयंसेवक देश के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करते आए हैं। उन्होंने पंच परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर जोर दिया। ग्रामीणों ने पथ संचलन का उत्साहपूर्ण स्वागत किया। जगह- जगह पुष्पवर्षा की गई ।